SIMTA SYDNEY INTERMODAL TERMINAL ALLIANCE

Hindi

अक्तूबर 2021

# Moorebank Logistics Park पर टीकाकरण केन्द्र: 4500 से अधिक डोज़ दी जा चुकी हैं

वेस्टर्न सिडनी में Pfizer टीकों तक पहुँच को तेज़ करने के लिए सितम्बर से Moorebank Logistics Park पर एक Covid-19 टीकाकरण केन्द्र संचानल कर रहा है, जहाँ 4500 से अधिक डोज़ दी जा चुकी हैं।

Company Medical Services (CMS) द्वारा संचालित और Moorebank Logistics Park के डिवेल्पर और संचालक Qube Holdings द्वारा वित्त-पोषित, नि:शुल्क पहुँच वाले इस टीका केन्द्र की स्थापना Commonwealth's Moorebank Intermodal Company के समर्थन के साथ की गई थी।

शुरूआती लक्ष्य स्थानीय समुदाय में किसी अनिवार्य कर्मचारी को टीके प्रदान करना था, इनमें स्वास्थ्य-देखभाल, विकलाँगता और एज्ड केयर (वयोवृद्ध देखभाल) कर्मचारी, खाद्य-पदार्थ वितरण कर्मचारी, यातायात और रसद कर्मचारी और उनके परिवार शामिल हैं।

टीकाकरण केन्द्र 400 Moorebank Avenue, Moorebank पर स्थित Moorebank Logistics Park के भीतर नए वेयरहाउस 5 में संचालन कर रहा है।

Qube Managing Director Paul Digney ने कहा कि केन्द्र सप्लाई चेन उद्योग में कर्मचारियों के लिए अहम टीकाकरण प्रदान कर रहा था ताकि इन अहम सेवाओं को संचालनात्मक बनाए रखा जा सके।

"Qube स्थानीय क्षेत्र में एक मुख्य नियोक्ता है और इसकी महत्वपूर्ण रसद सुविधाएँ और क्षमताएँ हैं। हमने यह पहचान की कि हमारे पास सप्लाई चेन क्षेत्र का समर्थन करने और इस टीकाकरण केन्द्र की स्थापना के साथ टीकाकरण की दरों को तेज़ करने की क्षमता है," उन्होंने कहा।

"Moorebank Logistics Park पर Qube का बिल्कुल नया वेयरहाउस 5 इस संचालन के लिए एकदम सही है और Commonwealth Government तथा CMS की सहायता के साथ टीकाकरण केन्द्र के इसके प्रयोग के लिए तेज़ी से एक योजना विकसित कर पाने में हमें बहुत प्रसन्नता है।

# लॉकडाउन का स्थानीय ध्यान

Moorebank Intermodal Terminal के डिवेल्पर और कांट्रेक्टर स्थानीय और राज्य प्राधिकरणों के साथ करीबी से काम कर रहे हैं ताकि हम यह सुनिश्चित कर सकें कि हम Liverpool LGA के लिए Covid-19 के लॉकडाउन आदेशों और प्रतिबंधित निर्माण संबंधी नियमों के सभी पहलुओं का अनुपालन करते हैं और साथ ही जितनी संभव हो सके उतनी स्थानीय नौकरियों की सुरक्षा करते हैं।

जुलाई के अंत में पूर्ण बंद के पश्चात, हमने स्थल पर 50 प्रतिशत क्षमता तक काम करने के सुरक्षित तरीकों की पहचान करने के लिए NSW की सरकार के साथ काम किया है और तथा निर्माण-कार्य के कार्यबलों के रेपिड एंटीजन टेस्टिंग के लिए एक जांच स्थल होने के रूप में अपने आप को वालंटियर किया है, तथा साथ ही स्थल पर एक Covid-19 टीका केन्द्र को धन-राशि दी है (उपरोक्त कहानी देखें)।

हम स्थल पर 100 प्रतिशत संचालन की ओर तथा वर्ष के इन अंतिम तीन महीनों के दौरान आयोजित होने वाले लॉकडाउन से दोबारा खुलने की स्थिति में आने के हाल ही में बढ़ाए कदम का स्वागत करते हैं।

हाल ही के महीनों के दौरान दक्षिण-पश्चिम सिडनी के समुदायों से जो बड़े त्याग करने को कहा गया है हम उसकी पहचान करते हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि स्थानीय उप-कांट्रेक्टरों और आपूर्तिकारों को नियुक्त करने का हमारा उद्देश्य महामारी से उबरने के साथ-साथ दृढ़ बना रहता है।

पिछले वर्ष हुए एक ऑडिट में पता चला था कि Moorebank Logistics Park प्रोजेक्ट में अब तक व्यय किए गए प्रत्येक डॉलर में से, एक चौथाई से कुछ अधिक Liverpool, Campbelltown, Fairfield और Canterbury-Bankstown LGAs के व्यापारों को गया जबकि समान राशि अन्य Western Sydney LGAs में खर्च की गई – स्थानीय तौर पर खर्च प्रत्येक डॉलर के पीछे कुल 55 सेंट्स।

## Moorebank Avenue मोड़ अब प्रयोग में है

सिडनी के लंबे Covid-19 लॉकडाउन के फलस्वरूप, हो सकता है कि स्थानीय समुदाय के कई सदस्य इस बात से अवगत न हों कि Moorebank Avenue एक अस्थायी सड़कमार्ग में मोड़ा गया है ताकि मौजूदा सड़क का मुख्य अपग्रेड कार्य किया जा सके।

यह मोड़ हमारे कांट्रेक्टरों को Moorebank Avenue पर एक व्यापक अपग्रेड करने की अनुमति देता है जिसमें सड़क की सतह को दो मीटर उठाना शामिल है ताकि एक आधुनिक जलनिकास और तूफानीजल प्रणाली का निर्माण किया जा सके।

हम Anzac Road पर, Department of Defence Joint Logistics Unit के प्रवेश-द्वार पर और हमारे विकास के दोनों पूर्वी और पश्चिमी तरफ, बिल्कुल नए चौराहों का भी निर्माण करेंगे, इनमें से प्रत्येक इंटरमोडल रेल टर्मिनल और संबंधित गोदाम का केन्द्र होगा।

अस्थायी चौराहे मोड़ की हमारी सड़क से इन सुविधा केन्द्रों से जुड़ते हैं और हम सड़क के उपयोगकर्ताओं को निवेदन करते हैं कि वे कृपया सड़क के कार्य से जुड़ी गति की सीमाओं का अनुपालन करें, कर्मचारियों से अवगत रहें और सुनिश्चित करें कि ट्रैफिक कंट्रोलर्स पर ध्यान दें जब वे संचालन कर रहे हों।

इस रोचक प्रौजेक्ट के सजीवन होने के साथ-साथ आगे और अपडेट्स के लिए हमारे संपर्क में बने रहें।

## Moorebank Intermodal के लिए अधिक सरक और स्पष्ट नियोजन

NSW सरकार Moorebank Intermodal Terminal प्रौजेक्ट पर लागू करने के लिए एक नई State Environmental Planning Policy (SEPP) को प्रस्तावित कर रही है, और समुदाय के सदस्य सितम्बर के दौरान अपनी फीडबैक दे रहे हैं।

नया Moorebank Intermodal SEPP आकलन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगा, स्पष्टता को बेहतर बनाएगा और परिवेश के भीतर कम-प्रभाव के विकास की सुपुर्गदी में तेज़ी लाएगा।.

प्रस्तावित Moorebank Intermodal SEPP के अधिक विवरण प्रदान करने के लिए Explanation of Intended Effect (EIE) तैयार की गई है। इसे www.planningportal.nsw.gov.au/moorebank-SEPP पर देखा जा सकता है।

कृपया ध्यान दें, यह NSW सरकार की एक पहल है, और Moorebank Logistics Park का आवेदन नहीं है।

Department of Planning, Industry and Environment के State Policy and Strategic Advice के Executive Director, Felicity Greenway ने कहा कि प्रस्तावित बदलाव इस बारे में स्पष्ट नियम तय करेंगे कि Moorebank स्थल पर किस काम को विकासात्मक स्वीकृति की आवश्यकता है।

"परिवेश की विस्तृत योजनाओं को Independent Planning Commission द्वारा पहले से ही स्वीकृति मिल गई है, परन्तु जब भी आवेदक नए गोदाम या परिवेश के संचालन से संबंधित अन्य सुविधा-केन्द्रों का निर्माण करना चाहेगा तो व्यक्तिगत नियोजन स्वीकृतियों की आवश्यकता होगी," Ms Greenway ने कहा।

"आने वाले वर्षों के दौरान स्थल पर बहुत सी गतिविधि होगी। यह प्रस्ताव प्रक्रिया को सरलीकृत करेगा और किन कार्यों की अनुमति है तथा किनकी नहीं, उनके बारे में समुदाय को पहले से स्पष्टता प्रदान करेगा।

"हम यातायात और ऊँचाई के कड़े नियम प्रस्तावित कर रहे हैं जो किसी विकास-कार्य के किए जाने से पहले पूरे किए जाने चाहिए," उन्होंने कहा।

DPIE वर्तमान में 6-सप्ताह की प्रदर्शनी अवधि के दौरान मिली प्रस्तुतियों की समीक्षा कर रही है और वर्ष की समाप्ति से पहले EIE तथा SEPP के विषय-वस्तु को अंतिम रूप देने पर काम कर रही है।

दो Woolworths वितरण केन्द्रों में से पहला केन्द्र आकार ले रहा है

## Woolworths का गोदाम आकार ले रहा है

हो सकता है कि मुख्य पर्यवेक्षकों ने हाल ही के सप्ताहों में यह ध्यान दिया हो कि Woolworths के नए रिज़नल और नेशनल वितरण केन्द्रों के फ्रेम ने Moorebank Avenue के पश्चिम में आकार लेना शुरू कर दिया है।

दो गोदाम पूरा होने पर करीब 75,000 वर्ग मीटर का क्षेत्र लेंगे, और ये अंतरराजकीय रेल टर्मिनल के समीप होंगे जो Melbourne और Brisbane के बीच सामान का स्थानांतरण करने में सहायता देंगे।

Woolworths यह उम्मीद करता है Moorebank पर नया National Distribution Centre (नेशनल वितरण केन्द्र) 2024 में खुल जाएगा, और इसके समीप Regional Distribution Centre (रिज़नल वितरण केन्द्र) का निर्माण-कार्य इसके अगले वर्ष पूरा होगा।

Moorebank पर भविष्य के प्रति वचनबद्धता Woolworths की आज तक का सबसे बड़ा पूँजी निवेश है।

## आटोमेशन (स्वचालन) और पास आते हुए

Kalmar कर्मी प्रौजेक्ट के आयात/निर्यात रेल टर्मिनल के साथ-साथ कड़ा परिश्रम कर रहे हैं और गैंट्री क्रेन्स का परीक्षण कर रहे हैं जो भविष्य में रेल टर्मिनल के स्वचालित संचालन में मुख्य भूमिका निभाएँगी। विद्युत मशीनरी का प्रयोग करके आटोमेशन का अर्थ होगा रेल टर्मिनल के लिए अधिक शांत, अधिक कुशल और अधिक पर्यावरणीय तौर पर अनुकूल संचालन।

# Moorebank Avenue का पुन:संरेखण

स्थानीय समुदाय के उन 15 सदस्यों का धन्यवाद जिन्होंने Moorebank Avenue Realignment के लिए जन प्रदर्शनी प्रक्रिया के दौरान सब्मीशन (प्रस्तुति) प्रदान की।

इस संरेखण, जो कि State Significant Infrastructure (राज्य की महत्वपूर्ण बुनियादी सेवाओं) का एक भाग है, से Moorebank Avenue को Anzac Road और East Hills रेलवे लाइन के बीच टर्मिनल परिवेश विकास की पूर्व दिशा में मोड़ा जाएगा।

यह अपग्रेड कार्य सड़क की क्षमता को प्रत्येक दिशा में दो लेनों तक दुगना करेगा और इसमें Moorebank Logistics Park स्थल के पूर्वी ओर विकसित किए जाने वाले गोदामों तक पहुँच के लिए नए चौराहे शामिल होंगे।

Department of Planning, Industry and Environment अब इस प्रस्ताव, सामुदायिक और हितधारक प्रस्तुतियों तथा प्रस्तुतियों पर हमारी प्रतिक्रिया पर विचार कर रहा है जबकि इसका एक निर्धारण की ओर काम करना जारी है।

इसे अनुपूरण करते हुए, Transport for NSW, Cambridge Avenue पर अपग्रेड के काम की जांच-पड़ताल कर रहा है, जिसमें Moorebank Avenue को Cambridge Avenue और Moorebank Intermodal स्थल के बीच चार लेन में अपग्रेड करना शामिल है। यह अपग्रेड कार्य Infrastructure Australia की प्राथमिकता सूची में एक प्रस्तावित पहल है।

मौजूदा संरेखण
Moorebank Avenue का पुन:संरेखण

## सूचित रहें और संपर्क में रहें

हमारे प्रोजेक्ट के नियोजन, निर्माण और संचालन के अंश हैं। हम www.simta.com.au पर और हमारे कार्यस्थलों के पास घरों पर डिलीवर की जाने वाली इस नियमित समाचार-पत्रिका और प्रोजेक्ट अधिसूचनाओं के माध्यम से समुदाय को सभी गतिविधियों से अवगत रखने के लिए वचनबद्ध हैं। .

यदि आपके इस बारे में कोई सवाल हैं कि क्या नियोजित किया गया है या स्थल पर क्या चल रहा है, तो 1800 986 465 पर फोन करें या प्रोजेक्ट वेबसाइट पर संपर्क फार्म का प्रयोग करें।

हमारी प्रोजेक्ट ई-मेल simta@elton.com.au

## हमें संपर्क करें

कृपया हमारी वेबसाइट देखें:

और अधिक जानकारी के लिए
**www.simta.com.au**

Level 27, 680 George Street
Sydney, NSW 2000 Australia

विशिष्ट सवालों के लिए, कृपया:

**1800 986 465 पर फोन करें**

या लिखित पूछताछ या फीडबैक
**simta@elton.com.au** पर भेजें